प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के 9वें शिखर सम्मेलन (पी-20)का उद्घाटन करेंगे

...

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे

...

जी20 देशों की संसदों के अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भाग लेने दिल्ली पहुंचे

...

9वें पी20 शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय "वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद" है

..

जी-20 देशों के अलावा, शिखर सम्मेलन में 10 आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी भाग लेंगे

...

पैन-अफ्रीकी संसद के अध्यक्ष पहली बार पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

...

9वें पी-20 शिखर सम्मेलन से पहले 12 अक्तूबर 2023 को LiFE (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) पर संसदीय मंच की बैठक होगी

...

नई दिल्ली; 11 अक्तूबर, 2023: भारत के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्तूबर, 2023 को 9वें पी20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। जी20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों के अलावा आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारी भी शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि पैन अफ्रीकी संसद के अध्यक्ष भारत में आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन में पहली बार भाग लेंगे । इस शिखर

सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली के यशोभूमि, द्वारका में नवनिर्मित भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में किया जाएगा।

ब्राज़ील के चैंबर ऑफ डेप्युटीज़ के प्रेसिडेंट, महामहिम श्री आर्थर सीज़र परेरा डी लीरा; हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर, महामहिम सर लिंडसे हॉयल; पैन अफ्रीकी यूनियन के प्रेसिडेंट, महामहिम डॉ. अशेबीर डब्ल्यू गायो; मेक्सिको की सीनेट की प्रेसिडेंट, सुश्री एना लिलिया रिवेरा रिवेरा; कोरिया गणराज्य की नेशनल असेंबली के स्पीकर, श्री किम जिन-प्यो; दक्षिण अफ्रीका की नेशनल काउंसिल ऑफ प्रोविंसेस के चेयरपर्सन, महामहिम श्री अमोस मासोंडो; ओमान की स्टेट काउंसिल के चेयरमैन, महामहिम श्री शेख अब्दुलमलिक अब्दुल्ला अल खलीली; आईपीयू के प्रेसिडेंट, महामहिम श्री दुआर्ते पचेको शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज भारत पहुंचे।

बांग्लादेश की संसद की स्पीकर, डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी 10 अक्तूबर, 2023 को आई थीं। ऑस्ट्रेलिया की सीनेट की प्रेसिडेंट, माननीय सीनेटर सुश्री सू लाइन्स और ऑस्ट्रेलिया के हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव्स के स्पीकर, माननीय श्री मिल्टन डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 07 अक्तूबर 2023 को नई दिल्ली पहुंचे।

"वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद" की भावना के अनुरूप इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक एकता और सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके पीछे निहित धारणा यह है कि पूरा विश्व एक परिवार है और आज हम सब मिलकर जो कार्यवाही करेंगे, उसी से पूरी दुनिया के सभी लोगों का भविष्य निर्धारित होगा। यह विषय पूरी दुनिया की संसदों और देशों के लिए एक संदेश होगा कि सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, महिला-पुरुष समानता और शांति जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए सीमाओं के बंधन और मतभेदों से ऊपर उठकर परस्पर सहयोग करते हुए प्रयास करने की आवश्यकता है। यह किसी को पीछे न छोड़ते हुए सभी के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए एक वैश्विक समुदाय के रूप में एक साथ आने की भावना का प्रतीक भी है।

इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में समसामयिक महत्व के निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा:

(i) सतत विकास लक्ष्यों के लिए एजेंडा 2030: उपलब्धियां दर्शाना प्रदर्शन, प्रगति में तेजी लाना;

(ii) हरित भविष्य के लिए सतत ऊर्जा परिवर्तन;

(iii) महिला-पुरुष समानता को मुख्यधारा में लाना- महिला विकास से महिला नेतृत्व में विकास तक; और

(iv) पब्लिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन लाना

इन विषयों के माध्यम से हमारे सामने प्रस्तुत वर्तमान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों से निपटने की तात्कालिकता को रेखांकित किया जाएगा। इसके साथ ही इन विषयों पर चर्चा के माध्यम से अधिक न्यायसंगत, समावेशी और बेहतर भविष्य बनाने के उद्देश्य से एक ऐसी समग्र रणनीति तैयार करने का प्रस्ताव है जिससे सभी को लाभ हो।

9वें पी-20 शिखर सम्मेलन से पहले 12 अक्तूबर, 2023 को LiFE (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के बारे में संसदीय मंच की बैठक होगी । LiFE मूवमेंट, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2022 में शुरू किया गया एक विश्वव्यापी प्रयास है जो पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के समर्थन और हमारे पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति समर्पित है ।

LiFE के बारे में संसदीय मंच की बैठक में G-20 देशों के सांसदों के साथ-साथ आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के पदाधिकारी पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श करेंगे । यह मंच बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे सांसदों को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देने के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा, यह मंच LiFE आंदोलन और इसके व्यापक उद्देश्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शिखर सम्मेलन के साथ ही, 'लोकतंत्र की जननी' नामक एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारत की प्राचीन और सहभागितापूर्ण लोकतांत्रिक परंपराओं पर प्रकाश डाला जाएगा। शिखर सम्मेलन के समापन पर, लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 14 अक्तूबर, 2023 को समापन भाषण देंगे।